**प्रेस नोट दिनांक : 05.09.2026**

थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम पर हमला कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देशन में थाना आसपुर देवसरा पुलिस द्वारा पुलिस टीम पर हमला, मारपीट, गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

प्रतापगढ़।
दिनांक 04.09.2026 को थाना आसपुर देवसरा पुलिस टीम क्षेत्र भ्रमण एवं अपराधियों की निगरानी/सत्यापन हेतु ग्राम सौराई में मौजूद थी। इसी दौरान अभियुक्तगण ने 04-05 अज्ञात पुरुष एवं महिलाओं के साथ एक राय होकर पुलिस टीम के सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए मारपीट, गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी तथा पुलिसकर्मियों की वर्दी फाड़कर मौके पर भगदड़ एवं अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न कर दिया।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री आलोक कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री प्रदीप सिंह के पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी आसपुर देवसरा श्री राकेश कुमार चौरसिया के नेतृत्व में उ0नि0 योगेन्द्र सिंह मय का0 प्रतीक यादव, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 रामप्रकाश यादव एवं म0आ0 दिव्या उपाध्याय द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमण एवं अपराधियों की निगरानी/सत्यापन संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग के दौरान अभियुक्तगण 1.आदर्श उर्फ विक्की मिश्रा पुत्र सुनील मिश्रा, 2. आदित्य मिश्रा पुत्र दिलीप मिश्रा, 3. सौरभ मिश्रा उर्फ अश्वनी मिश्रा पुत्र मनोज मिश्रा, समस्त निवासी ग्राम सौराई, थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया ।

उक्त घटना के संबंध में थाना आसपुर देवसरा पर मु0अ0सं0 241/2026, धारा 191(2), 190, 132, 121(1), 115(2), 352, 351(3) बीएनएस एवं 7 सीएल एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
1. आदर्श उर्फ विक्की मिश्रा पुत्र सुनील मिश्रा,
2. आदित्य मिश्रा पुत्र दिलीप मिश्रा,
3. सौरभ मिश्रा उर्फ अश्वनी मिश्रा पुत्र मनोज मिश्रा, समस्त निवासी ग्राम सौराई, थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम:

उ0नि0 योगेन्द्र सिंह मय हमराह का0 प्रतीक यादव, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 रामप्रकाश यादव एवं म0आ0 दिव्या उपाध्याय थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ ।

थाना अन्तू, जनपद प्रतापगढ़

थाना अन्तू पुलिस द्वारा न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अन्तू पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

थाना अन्तू पुलिस द्वारा तलाश वांछित/वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर अमित सिंह पुत्र दिनेश सिंह, उम्र करीब 27 वर्ष, निवासी ग्राम गोबरी, थाना अन्तू, जनपद प्रतापगढ़ को ककराहा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध मा0 न्यायालय एससी/एसटी स्पेशल कोर्ट, प्रतापगढ़ द्वारा निर्गत वारंट केस नं0 437/2021, मु0अ0सं0 159/2020, धारा 323/504/506 भादवि एवं 3(1)(r)/3(1)(s)/3(2)(va) एससी/एसटी एक्ट, राज्य बनाम अमित सिंह में गिरफ्तारी वारण्ट जारी था। अभियुक्त को माननीय न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारण्ट एवं कारण गिरफ्तारी से अवगत कराते हुए पुलिस हिरासत में लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
1- अमित सिंह पुत्र दिनेश सिंह, उम्र करीब 27 वर्ष, निवासी ग्राम गोबरी, थाना अन्तू, जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम का विवरण-
उ0नि0 आदित्य कुमार मय हमराह अंकित कुमार, थाना अन्तू, जनपद प्रतापगढ़।

थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस द्वारा न्यायालय से जारी ई-वारंट के अनुपालन में 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस द्वारा तलाश वांछित/वारण्टी अभियुक्त के दौरान अभियुक्त अनीष अहमद पुत्र निषार अहमद, निवासी ग्राम बगहा, थाना सालोन, जनपद रायबरेली को उसके पते पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध मा0 न्यायालय प्रतापगढ़ द्वारा निर्गत ई-वारंट केस नं0 2001219/2012, धारा 498 भादवि, राज्य बनाम अनीष अहमद पुत्र निषार अहमद, निवासी ग्राम बगहा, थाना सालोन,

जनपद रायबरेली में जारी था। अभियुक्त को माननीय न्यायालय द्वारा जारी ई-वारंट एवं कारण गिरफ्तारी से अवगत कराते हुए पुलिस हिरासत में लिया।

अभियुक्त का विवरण-

1- अनीष अहमद पुत्र निषार अहमद, निवासी ग्राम बगहा, थाना सालोन, जनपद रायबरेली।

पुलिस टीम का विवरण-

उ0नि0 मतगंजन मिश्रा मय हमराह का0 विकास यादव थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ तथा थाना सालोन, जनपद रायबरेली से का0 विशाल अवस्थी व म0का0 दीपाक्षी यादव।